# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut


पत्रांक : गोप0/542
दिनांक : 24.09.2019

## विज्ञप्ति

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 22.09.2019 में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्त पोषित बी0एड0 महाविद्यालयों/संस्थानों में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित तथा कार्यरत प्राचार्य/विभागाध्यक्षों को विश्वविद्यालय की प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा में परीक्षक के रूप में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसे कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 23.09.2019 अंगीकृत कर लिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में कार्यरत विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, जो विश्वविद्यालय की बी0एड0 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में परीक्षक बनने के इच्छुक हैं, वह विलम्बतम दिनांक 26.09.2019 तक उप कुलसचिव (गोपनीय) के कार्यालय में निम्नलिखित अभिलेख स्वयं प्रमाणित करते हुए प्रत्येक दशा में प्रस्तुत करें :–

1. विश्वविद्यालय का अद्यतन अनुमोदन पत्र।
2. महाविद्यालय/संस्थान के अध्यक्ष/सचिव से कार्य व आचरण का प्रमाण पत्र।
3. संस्थान द्वारा बैंक के माध्यम से वेतन भुगतान का प्रमाण–पत्र।
4. आधार कार्ड/पैन कार्ड।

अभिलेख प्रस्तुत किये जाने पर ही प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित किया जाना सम्भव हो सकेगा।

24/09/19
परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।

उप कुलसचिव (गोपनीय)